**Regarding need to set up Integrated Textile Park in Jaipur, Rajasthan-Laid**

श्रीमती मंजू शर्मा **(**जयपुर**) :** सरकार द्वारा टैक्सटाइल इंडस्ट्री को इंटीग्रेटेड इकोसिस्टम प्रदान करने के लिये पीएम मित्र योजना चलाई जा रही है, इस योजना मे देश के अलग-अलग राज्यों में 20 टेक्सटाइल पार्क बनाये जाने का प्रावधान हैं, इनमें से 7 टैक्सटाईल्स पार्क स्वीकृत भी हो चुके हैं । इन पार्कों में स्पिनिंग, बुनाई, प्रोसेसिंग, डाई एवं प्रिंटिंग से लेकर कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग तक का काम किया जाएगा । योजना में फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन थीम के तहत भारतीय टैक्सटाईल उद्योग के विकास को गति मिलेगी । इसके लिये मैं माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय कपड़ा मंत्री जी को धन्यवाद प्रेषित करती हूं । मैंरे संसदीय क्षेत्र जयपुर मे सांगानेर कस्बा स्थित है, जहां आजादी के पूर्व से ही परम्परागत रूप से कपड़ा रंगाई, छपाई, डाई, सिलाई, विक्रय आदि का कार्य किया जाता है । सांगानेर क्षेत्र मे लगभग 3000 छोटे-बड़े कारखानों मे तकरीबन 3.50 लाख लोग प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से रोजगार पा रहें हैं । मेरा सरकार से आग्रह है कि जयपुर, राजस्थान मे इंटीग्रेटेड टैक्सटाइल पार्क की स्थापना की जाये, इससे स्थानीय कारीगरों-श्रमिकों को रोजगार के अवसरों में वृध्दि के साथ- ही टैक्सटाईल्स क्षेत्र का समग्र विकास होगा ।